राजस्थान सरकार

आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan

Website: http://hte.rajasthan.gov.in/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Phone: 0141-2706847 (O);

पत्रांक: CCE/P&C/ISDC/100 days Plan/2019/624 Date: 22nd February 2019

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

राजकीय महाविद्यालयों में निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं के संचालन हेतु प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रम के संबंध में।

राज्य सरकार द्वारा राजकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायता हेतु निःशुल्क कोचिंग कक्षाएं आयोजित करवाने के निर्देशों की पालना में आरम्भ किये गये प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रम में आपका सक्रिय सहयोग अपेक्षित है। आपके महाविद्यालय में संभवतः ये निःशुल्क कक्षाएं आरम्भ भी हो चुकी होंगी। आपसे अपेक्षा है कि इन निःशुल्क कक्षाओं में अधिकाधिक संख्या में प्रवेश लेने के लिये विद्यार्थियों को प्रेरित करें। तथा अपने साथी संकाय सदस्यों को भी विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिये निर्देशित करें।

राज्य स्तर पर इन कक्षाओं को सफलतापूर्वक संचालित करने हेतु ऑफ–लाइन ई–कन्टैण्ट भी तैयार करवाये जा रहे हैं, ताकि आवश्यकतानुरुप इन्हें महाविद्यालयों को प्रतियोगी कक्षाओं के लिये उपलब्ध करवाया जा सके।

ऑफ–लाइन ई–कन्टैण्ट तैयार करवाने के लिये हमें आपके महाविद्यालय में पदस्थापित सभी संकाय सदस्यों के सहयोग की आवश्यकता है। अतः इस पत्र के साथ संलग्न अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र में दिये गये स्थान पर आप संबंधित विषय के संकाय सदस्य को निर्दिष्ट टॉपिक भरवाकर उन्हें पत्र प्रेषण सुनिश्चित करते हुए आवंटित टॉपिक पर उनका व्याख्यान 07 दिवस में तैयार करवाकर संकलित कर आयुक्तालय कालेज शिक्षा की ई–मेल आई.डी. **freecoaching.cceraj@gmail.com** पर सॉफ्ट कॉपी में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। साथ ही, आपके महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा चयनित प्रतियोगी परीक्षाओं के सिलेबस से संबंधित टॉपिक्स पर महाविद्यालय स्तर पर भी ई–कन्टैण्ट तैयार करवाये जाने की यथा संभव व्यवस्था करावें।

आपका यह सहयोग लाखों की संख्या में आकांक्षी विद्यार्थियों के जीवन में मार्गदर्शन एवं सहयोग करके उनके सपने साकार करने में योगदान दे सकता है।

प्रदीप कुमार बोरड़, IAS
आयुक्त, कालेज शिक्षा एवं
विशिष्ठ शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान

पत्रांक: CCE/P&C/ISDC/100 days Plan/2019/624 Date: 22nd February 2019

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं यथा निर्देशार्थ:

1. निजी सचिव, आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. संयुक्त निदेशक, HRD/Acad./Admn./RUSA/P&C/PI, आयुक्तालय कालेज शिक्षा, जयपुर।
3. क्षेत्रीय सहायक निदेशक, अजमेर/जयपुर/जोधपुर/उदयपुर/कोटा/बीकानेर/भरतपुर को संबंधित महाविद्यालयों के साथ क्रियान्विति हेतु समन्वय के लियें।
4. सभी प्रभारी अधिकारीगण, कालेज समूह, आयुक्तालय कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को संबंधित महाविद्यालयों के साथ क्रियान्विति हेतु समन्वय के लिये।
5. वैब प्रभरी, आकाशि को अपलोड करने हेतु।
6. रक्षित पत्रावली।

प्रदीप कुमार बोरड़, IAS
आयुक्त, कालेज शिक्षा एवं
विशिष्ठ शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान